## सार-समाचार

### शिक्षक संघ का पोस्टर जारी

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के 26 सूत्रीय पोस्टर का विमोचन क्षेत्रीय विधायक डॉ. ऋतु वनावत के द्वारा किया गया। प्रदेश सह संगठन महामंत्री बदनसिंह मीना, जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह बैसला, प्रदेश पदाधिकारी त्रिलोक उपाध्याय एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुरूषोत्तम पाराशर ब्लॉक अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने विधायक से 26 सूत्रीय मांगपत्र एवं 3 सितंबर को जयपुर में होने वाली रैली के पोस्टर का विमोचन करवाया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मंत्री बासुदेव योगी ने बताया कि प्रदेश आहवान पर 17 अगस्त से 30 अगस्त तक विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 26 सूत्रीय मांगपत्र सरकार को याद दिलाने के लिए भिजवाने के तहत विधायक को ज्ञापन भी सौंपा गया। विधायक से संगठन ने इस मांगपत्र की विधानसभा में चर्चा करने मांग की। इस पर विधायक ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री तक अवश्य पहुंचाया जाएगा। क्योंकि शिक्षामंत्री ने 26 सूत्रीय मांगपत्र पर चर्चा के लिए संगठन को बुलाने का वादा किया लेकिन अपना वादा नहीं निभाया। ब्लॉक अध्यक्ष रूपवास नरेश गुर्जर ने कहा कि शिक्षकों की स्थानांतरण नीति बनाने, कई वर्षों की लंबित डीपीसी करने, 7,14,21,28 वर्ष पर चार एसीपी देने, केंद्र के समान वेतन देने, शिक्षकों को ठाामीण भत्ता देने, पीईईओ को हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने, शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने आदि समस्याओं को लेकर 3 सितंबर को विशाल रैली का आयोजन वाइस गोदाम पुलिया से विधानसभा तक किया जाएगा। भरतपुर और बयाना से लगभग 200 शिक्षक रैली में भाग लेंगे। पोस्टर विमोचन के समय प्रदेश महासमिति सदस्य मानसिंह बंजारा,जिला कार्यकारी अध्यक्ष डा. बिशंबर मीना, नरेश गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष रूपवास, सभाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला प्रवक्ता राजेश गुर्जर, उपाध्यक्ष हरपाल ठाकुर, हंसराम जिला संगठन मंत्री, कवि राकेश गुर्जर, जिला महासमिति सदस्य बृजेन्द्र मीना, रामजी लाल पीटीआई, केशव गुप्ता, बहादुर सिंह गुर्जर, ऊदलसिहं कसाना, अशोक भारद्वाज, पुष्पेन्द्र खटाना, मुकेश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 550 घरों के अवैध जम्फर हटाकर कार्रवाई

**करौली** । करौली जिला मुख्यालय पर विधुत विभाग ने बिजली चोरी करने वाले करीब 550 लोगों के अवैध जम्फर उतार कर 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया । अधीक्षण अभियंता रूप सिहं गुर्जर व अधिशाषी अभियंता दिगम्वर दयाल मीना के निर्देशन में करौली शहर मे अवैध रूप से विद्युत चोरी कर रहे उपभोक्ताओ के विरूद्ध कार्यवाही की गयी जिसमे शहर के सर्वाधिक विद्युत चोरी वाले क्षेत्र ढोलीखार के विभिन्न क्षेत्र जैसे ढोलीखार, चौबेपाडा, मदीना मस्जिद, लाल बाजार, मक्का मस्जिद, नदीगेट, कहार घटा, चिरचिडी, अक्सा मस्जिद, आद क्षेत्र मे अवैध रूप से विद्युत चोरी कर रहे लगभग 550 घरो के अवैध जम्फर उतारकर 1.5 लाख रूपये राजस्व की कुल 5 नं. वीसीआर भरी गयी। उक्त कार्यवाही मे सहायक अभियंता श्री ललित बाबर, कनिष्ठ अभियंता शहर-प्रथम् श्री मानवेन्द्र सिहं, कनिष्ठ अभियंता शहर-द्वितीय श्री एस0के0 शर्मा, पुलिस थाना एपीटीपीएस करौली का सुरक्षा दल, व तकनीकी कर्मचारी सम्मिलित रहे। विद्युत चोरी करने वाले लोगो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जावेगी।

### फैक्ट्रियों में गंदे पानी से नुकसान

**भरतपुर** (निस)। पुराने औद्योगिक क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होने से तेल मिलों व अन्य फैक्ट्री में जमीन के अंदर से व बाहर से पानी आने लगा है। जिससे मशीनों की बैरिकों, मोटरों में, कन्वेयर, वेल्ट, में सरसों, खल आदि माल को भारी का नुकसान होता है। भरतपुर ऑयल व एंड कैमिकल इंड्रस्ट्रीज के अनिल गोयल का कहना है कि उनकी इंड्रस्ट्रीज के अलावा आदित्य ऑयल इंडस्ट्रीज, भगवती ऑयल इंडस्ट्रीज, चामड़ प्रोडक्ट, विनायक ऑयल आदि में यही हालात बने हुये है। हमने रीको अधिकारियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन वह कोई सुनवाई नहीं करते हैं। उनका कहना है कि अब तो बारिश खत्म हो गई है, अगले साल सफाई करा देंगे। ऐसे ही हर बार कह देते हैं।

### महर्षि अंगिरा का जन्मोत्सव मनाया

**गंगापुर सिटी** । पंच जांगिड ब्राहमण समाज के तत्वाधान में गुरूवार को महर्षि अंगिरा जयन्ती उत्सव जांगिड भवन नेहरू बाजार में मनाया गया। कार्यक्रम के सभापति रामदुलारे जांगिड एवं अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड ने महर्षि अंगिरा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार, सत्यप्रकाश, सत्यनारायण, राजकुमारी जांगिड, रमेश अध्यापक ने महर्षि अंगिरा के जीवन से सीख लेने की बात कही। उन्होने बताया कि इस दौरान सभी समाज बंधुओ ने एक कमेटी का गठन किया जो घर घर जा कर सदस्य बनाने का काम करेगी। इसके बाद चुनाव समिति का गठन कर समाज के चुनाव कराये जायेंगे। इस दौरान मंच का संचालन घनश्याम चेतरा ने किया।

### धाकरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत

**भरतपुर** (निस)। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ गीतकार कवि अशोक सिंह धाकरे को राष्ट्रीय कवि संगम के जयपुर प्रान्त के अध्यक्ष योगेश वशिष्ठ ने प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह सम्मान उनको 'राष्ट्र जागरण धर्म हमारा' के अभियान में धाकरे के साहित्यिक सृजन एवं काव्य साधना को देखते हुए यह मनोनयन किया गया है।

### पोस्टर का विमोचन

**करौली** । अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ के आव्हान पर देश भर में आयोजित किए जा रहे हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर का राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा श्री महावीर जी के पदाधिकारियों व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर सिंह मीणा द्वारा विमोचन किया गया। इस मौके पर शिक्षक संघ के सदस्य व पदाधिकारी आदि मौजूद थे । कार्यक्रम में पोस्टर भी जारी किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित 1 सितंबरको साझा संकल्प कार्यक्रम के तहत देशभर में 5 लाख से अधिक विद्यालयों में विद्यार्थी एवं शिक्षक सामूहिक रूप से विद्यालय एवं समाज के प्रति कर्तव्य के बारे में पांच संकल्प लेंगे। इस दौरान राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सभाअध्यक्ष समय सिंह गुर्जर, अध्यक्ष रविंद्र कुमार मीणा ,मंत्री विश्राम मीणा, कोषाध्यक्ष पप्पू राम मीणा, वीरेंद्र प्रजापति एवं धर्मराज मीणा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की तैयारी कई दिनों से जारी थी।

# 25 हजार का इनामी ठग जयपुर से गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी** । पुलिस ने जयपुर से एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। वह पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी चेतनराज स्वामी ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर एक दर्जन से अधिक लोगों से एक करोड रुपए से ज्यादा की ठगी की है। आरोपी ने बीटीएक्स और एमएम नाम से फर्जी कंपनियां बनाई। उसने निवेशकों को

■ क्रिप्टो में निवश के नाम पर की थी एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, दो साल से था फरार



क्रिप्टो में निवश के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को पकड़ा।

मुनाफे का लालच देकर पैसे एकत्र किए और फिर कंपनी बंद कर फरार हो गया। एसपी अनिल बेनीवाल के अनुसार आरोपी ने सबसे पहले एमएमएम कंपनी शुरू की। इसमें 254 रुपए प्रति कॉइन की दर से निवेश करवाया। उसने दावा किया कि 3-4 महीने में कॉइन की कीमत कई गुना बढ जाएगी। इसके बाद बीटीएक्स कंपनी के नाम से 60 रुपए प्रति कॉइन की दर से निवेश जुटाया। हर सप्ताह तीन रुपए बढोतरी का झांसा दिया। पुलिस ने आरोपी को पकडने के लिए नई दिल्ली, टोंक, अलवर, गाजियाबाद और सोनीपत में लगभग 3000०० किलोमीटर का पीछा किया। विभिन्न टोल नाकों की जांच के बाद उसे जयपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना मलारना डूंगर और गंगापुर सिटी में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की टीम ने चेतनराज की कार का नई दिल्ली, टोक, अलवर, गाजियाबाद, सोनीपत करीब 3 हजार किलोमीटर गाडी से पीछा कर विभिन्न टॉल नाको को चैक कर जयपुर से दबोचा। पूछताछ में फरारी के दौरान कारित किए गए अन्य ठगी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। चेतनराज में जयपुर, गुरुग्राम, देवली, कोटा, टोंक, जोधपुर, अलवर अन्य शहरों में फरारी काटी। चेतनराज स्वामी ठगी के पैसों से लग्जरी जिन्दगी जी रहा था। पुलिस टीम में गंगापुर सिटी कोतवाली थानाधिकारी करण सिंह, सहायक उप निरीक्षक अजीत मोगा, विशेष भूमिका फकरूदीन सहायक उप निरीक्षक आदि शामिल हुए।

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**हिण्डौन सिटी** । हिण्डौन के जिला अस्पताल में गुरुवार को लोंगटीपुरा निवासी गर्भवती महिला ललिता गुर्जर और उनके गर्भस्थ शिशु की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगते हुए हंगामा किया। पुलिस और पीएमओ की समझाइश के बाद परिजन मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

परिजनों के अनुसार, ललिता को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा शुरू होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि दोपहर को नर्स के कहने पर डॉक्टर दिनेश गुर्जर को बुलाने के लिए वे उनके घर गए, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि वह नर्स से बात कर लेंगे। डॉक्टर ने पर्ची पर एक दवा भी लिखकर दी, जिसे परिजनों ने मेडिकल स्टोर से खरीदकर ललिता को दी। आरोप है कि दवा देने के बाद ललिता की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद नर्सिंग कर्मी ने ललिता को एक इंजेक्शन भी लगाया। इसके बाद महिला की और तबियत और बिगड़ी। सूचना पर डॉक्टर दिनेश अस्पताल पहुंचे और जांच के बाद ललिता को मरत घोषित कर दिया।

परिजनों का कहना है कि बुलाने के बावजूद डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचे और मरीज को नहीं देखा, जिसके कारण ललिता और उनके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई।आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया।

## अध्यक्ष पद के लिए 7 नामांकन भरे

**करौली** । ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद के लिए 31 अगस्त रविवार को चुनाव होगा जिसके लिए सात लोगों ने नामांकन भरे आज नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशी फाइनल होंगे मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी सहित सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये ब्राह्मण समाज के 31 अगस्त रविवार को अध्यक्ष पद के होने वाले चुनाव को लेकर समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है चुनाव संपन्न करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश चंद शर्मा एडवोकेट निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी आशीष कांत कौशिक नंदकिशोर व्यास विश्वास कुमार शर्मा पुष्पेंद्र कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया है जिनके सहयोग के लिए मदन मोहन पचौरी अध्यक्ष साथ में रहेंगे अब निर्वाचन कमेटी का कोई दायित्व नहीं रहा गुरुवार को ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु सात लोगों ने नामांकन भरा है।

# घुमंतू समुदाय के बच्चों की शिक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न

**करौली** । जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा जिला बाल कल्याण समिति कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

■ 18 घुमंतू समुदाय के परिवारों के 30 बच्चों की शिक्षा को लेकर बात रखीं

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि एक्शनएड यूनिसेफ समन्वयक जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने मोगिया की ढाणी, डूंडीपुरा तहसील सपोटरा में 18 घुमंतू समुदाय के परिवारों के 30 बच्चों की शिक्षा को लेकर बात रखीं जिला समन्वयक ने बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के बच्चों की स्थिति को रखा जिसमें उन्होंने बताया कि 5 साल से 14 साल तक के 22 बच्चें एवं 1 साल से 5 साल तक के 08 बच्चें है। जिनमें कई बच्चें कुपोषण का शिकार है। यहाँ के सभी बच्चें शिक्षा से वंचित है। उनका किसी भी विद्यालय में नामांकन नही है। विद्यालय भी 3 किलोमीटर दूर है। बच्चों को आने जाने के लिए रास्ता नही है। इसलिए उनके भविष्य को ध्यान में रखतें हुए बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक आशीष बंसल ने बताया कि बच्चों के संरक्षण के लिए जो भी आवश्यक है।

उसके लिए पूरी कोशिश की जायेगी। बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद ने बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करवाने पर जोर दिया। सदस्य दिलीप कुमार मीणा एवं फरीदा शाह ने बच्चों को नजदीकी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेश दिलाने की बात कही। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने कहा कि स्थानीय विद्यालय में इंटर्नशिप करने वालें अभ्यर्थियों को उक्त ढाणी में बच्चों को पढ़ाने के लिए लगाया जा सकता हैं। इसको लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सकता है।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने इस मामले को गम्भीरता से लेकर जल्द ही बच्चों को नजदीकी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ने की कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर बाल मित्र हेमराज माली, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी भीकम सिंह, संरक्षण अधिकारी सविता शर्मा, स्वयंसेवक लोकेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहें।

# गणेश चतुर्थी पर भक्ति की धूम से सराबोर रहे श्रद्धालु

**सवाई माधोपुर**, । विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर दुर्ग में स्थित एकमात्र श्री त्रिनेत्र गणेश मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस वार्षिक महोत्सव में भक्ति, उत्साह और आस्था का अभूतपूर्व नजारा दिखा। मौसम के प्रतिकूल हालात के बावजूद, बेहतरीन प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने पूरे आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बना दिया। जिला प्रशासन, नगर परिषद और पंचायती राज विभाग की ओर से सवाई माधोपुर शहर, रणथंभौर रोड, मेला मार्ग और किला तथा मंदिर परिसर क्षेत्र में साफ-सफाई और स्वच्छता ने इस बार मेले की भव्यता को नया आयाम दिया।

जिला कलक्टर काना राम ने त्रिनेत्र गणेश मेले के सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं, आम जिलावासियों, मेला समिति सहित विभिन्न गतिविधियों की आयोजन समितियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी बधाई दी। उन्होंने विशेषकर पुलिस तथा वन विभाग सहित सभी सरकारी विभागों और संस्थाओं के कार्मिकों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं का मेले की सभी गतिविधियों को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश के लाखों श्रद्धालुओं ने अनुशासित रहकर श्रद्धा भाव से भागीदारी की, जिस कारण चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद व्यवस्थाएं नियंत्रित और अनुशासित रहीं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बार गणेश चतुर्थी एवं बुधवार के अनूठे संयोग और मानसून की रिमझिम बारिश के बीच कारण भगवान के भक्तों में मेले के दौरान श्रद्धा और उल्लास चरम पर रहा। सवाई माधोपुर शहर के बीच से ही पूरे रणथंभोर मार्ग पर सैकडों की संख्या में भंडारों और प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ, जिनमें श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। गणेश गणेश चतुर्थी को मेले के दूसरे दिन बारिश होने के बावजूद न तो लोगों के उत्साह में कमी रही और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई ढिलाई नजर आई।

मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने गांवों से ही गजानन्द महाराज के जन्मोत्सव के लोकगीत गाते, झूमते-नृत्य करते हुए दर्शन के लिए पहुंचे और आरती की। श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी चढ़कर जयकारों की गूंज के बीच भगवान त्रिनेत्र गणेशजी के दरबार में विशेष रूप से सजाई गई मूर्ति के दर्शन किए और गणेशजी की पत्नियों रिद्धि और सिद्धि तथा पुत्रों शुभ और लाभ के दर्शन कर हाथ जोड़कर मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की। वर्षा में भीगते हुए श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरिया' के जयकारों के साथ मंदिर तक पहुँचे। लोगों ने बताया कि मेला मार्ग में कदम रखने तक की जगह नहीं होने के बावजूद फिर भी प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की बेहतर व्यवस्थाओं के चलते मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से दर्शन होते रहे।

जगह-जगह भंडारों और प्रसादी वितरण की व्यवस्था :- सवाई माधोपुर से रणथंभोर तक मेले के मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडलों और भामाशाहों की ओर से जगह-जगह भंडारे सजाए गए। जिला प्रशासन ने निःशुल्क भंडारा लगाने वाले संचालकों के साथ कई बार बैठक कर निर्देशित किया कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और इस कार्य में नगर परिषद और स्थानीय ठााम पंचायत समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। इस क्रम में श्रद्धालुओं को भोजन, चाय-नाश्ता, पूरी-सब्जी, खीर-मालपुआ, जलेबी-कचोरी से लेकर शरबत तक वितरित किया गया, श्रद्धालु भंडारों पर श्रद्धा और आत्मीयता से प्रसादी ठाहण करते रहे, लेकिन कहीं पर भी अव्यवस्था नहीं हुई। सफाई व्यवस्था के लिए नगर परिषद और ठाामीण क्षेत्र में 200-200 से अधिक सफाई कार्मिक नियोजित किए गए थे।

गणेश भक्तों के लिए एकदम दुरुस्त सुरक्षा और व्यवस्था :- तीन दिवसीय मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए।

## सार-समाचार

### 'बिना रजिस्ट्रेशन वाले हॉस्पिटल पर कार्रवाई'

**करौली** । आमजन और रोगी हितों को ध्यान में रखते हुए बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हॉस्पिटलों पर कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि कार्यालय में झोलाछाप एवं बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हॉस्पिटलों की शिकायत प्राप्त हुई है, जिन पर उपखंड स्तरीय कार्यदल द्वारा कार्रवाई के लिए बीसीएमओ को पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण चिकित्सा अभ्यास करना अवैध है जिन पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 411, 420 से षडयंत्र पूर्वक धोखाधड़ी करना,भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1958 (धारा 18 (2)-बिना पंजीकृत आधुनिक चिकित्सा पद्विती में चिकित्सा अभ्यास करना),भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1979 की धारा 17 (4)-बिना पंजीकृत चिकित्सा अभ्यास करना और औषद्धी एवं प्रसाधन सामठाी अधिनियम 1940 की धारा 16 (सी) बिना लाईसेंस औषधी का विक्रीयार्थ संठाह आदि सहित क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत अपंजीकृत चिकित्सकीय अभ्यास करने की श्रेणी में कार्रवाई का प्रावधान है उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण संचालित पाये जाने पर नियम अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

### वरिष्ठ नागरिकों को कराई जायेगी धार्मिक यात्राएं

**करौली** । जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के तहत रेल एवं हवाई यात्रा के माध्यम से देश के प्रमुख तीर्थस्थल भ्रमण हेतु चयनित वरिष्ठजनों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के अंतर्गत ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से वरिष्ठजनों का चयन किया गया एवं अंतिम सूची जारी की गई। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले से कुल 2618 यात्रियों की ओर से 1640 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से जिले के निर्धारित कोटा 1183 के अंतर्गत 1056 चयनित वरिष्ठजनों को रेल व 127 को हवाई यात्रा करवायी जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, सीएमएचओ जयंती लाल मीना, सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग भरतपुर मुकेश कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राहुल शर्मा ने जीते 2 स्वर्ण

**गंगापुर सिटी** । स्थानीय निवासी निशानेबाज राहुल शर्मा ने आरएसएससी ओईएएस शूटिंग रेंज जगतपुरा,जयपुर में आयोजित 23वें राजस्थान राज्यस्तरिया शूटिंग चैंपियनशिप-2०25(पैरा) में 25 मीटर मिक्स्ड पिस्टल इवेंट, 1० मीटर स्टैण्डर्ड मिक्स्ड पिस्टल इवेंट में 1-1 स्वर्ण पदक तथा 1० मीटर सीनियर पुरुष स्पर्धा में 1 रजत पदक अपने नाम कर अपने गांव कैमरी, नादोती और शहर गंगापुर सिटी का नाम रौशन किया है। हाल ही में पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित 15 अगस्त 2०25 से 18 अगस्त 2०25 तक चले फस्ट इंडिया ओपन पारा शूटिंग चैंपियनशिप - 2०25 टीम स्पर्धा में 1 रजत पदक अपने नाम किया है। निशानेबाज नें अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता श्री गोपाल शर्मा से. नी. वी. ए. पशुपालन विभाग एवं अपने कोच सचिन सिंह शेखावत, मोहन सिंह शेखावत को दिया है।

### खाद्य सामग्री वितरित की

**भरतपुर** (निस)। गणेश चतुर्वेदी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गोपालगढ स्थित प्रेरित पब्लिक स्कूल में दयाधाम सेवा संस्थान भरतपुर की ओर से विद्यार्थियों को निशुल्क अध्ययन सामठाी वितरित की गई। दयाधाम सेवा संस्थान के सचिव अरविन्द कुमार ने संस्था के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर सेवा ही हरी सेवा है ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति मानव स्वयं को मानता है लेकिन संस्थान से जुडे सभी सदस्यगणों का यह मानना है कि ईश्वर ने हमें एक उद्देश्य से मानव जीवन दिया है वह है कि सभी जीवों की सेवा, सुरक्षा व दीन हीनों का पालन पोषण करना और दया भावना का प्रचार करना। अंत में संस्थान की अध्यक्षा गरिमा तिवारी ने सभी आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय परिसर में सभी विद्यार्थियों को खादय सामठाी वितरित की। कार्यक्रम में राजू श्रीवास्तव, नीतू शर्मा, सपना, रमन सिंह, तरूण जैन, अनीता, कृष्ण मुरारी, गगन आदि उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त तहसीलदार का स्वागत

**डीग भरतपुर** (निस)। जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाज तहसील जुरहरा के नवनियुक्त तहसीलदार मोहनलाल सियोल का गुरूवार को कस्बा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खण्डेलवाल व बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड के द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र खण्डेलवाल व बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड के द्वारा तहसीलदार को दुपट्टा पहनाकर उन्हें जुरहरा तहसीलदार का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी गई। गौरतलब है कि तहसीलदार संदीप जैन के जुरहरा से स्थानांतरण के बाद स्थानांतरित होकर आए आरटीएस अधिकारी मोहनलाल सियोल ने जुरहरा तहसीलदार का पदभार ग्रहण किया है।

### परिचालक का लाइसेंस होगा निलंबित

**भरतपुर** (निस)। सवारियों से भरी बस को रुदावल-भरतपुर मार्ग पर 27 अगस्त को सेवला हैड पुलिया पर पानी के तेज बहाव में होकर निकाला जाने का वीडियो मिलने पर जिला कलक्टर कमर चौधरी के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालक एवं परिचालक का लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल ने बताया कि सेवला हैड पुलिया पर प्रशासन / पुलिस द्वारा सावधानी हेतु दोनो तरफ वेरिकेट्स लगाये गये थे। उन्होंने बताया कि प्राप्त वीडियो में वाहन चालक द्वारा मोटर यान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान मोटर यान अधिनियम के तहत वाहन स्वामी किशन गोपाल पुत्र उदयराम निवासी सूपा, तहसील बयाना को 1 सितंबर को वाहन को संचालित करने वाले वाहन चालक / परिचालक के लाईसेन्स की प्रति मय लाईसेन्स का सम्पूर्ण विवरण एवं उक्त वाहन चालक / परिचालक, वाहन संख्या आरजे 05 पीए 3954 को कितनी समयावधि से संचालित कर रहा है का विवरण लिखित में प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया गया है।

# विकलांग और मंदबुद्धि बालकों की मां को पेंशन योजना से जोड़ा

**करौली** (निंस.)। करौली के इंदिरा कॉलोनी में रहने वाली गीता वर्मा पत्नी स्व. लज्जा वर्मा को एकलनारी पेंशन योजना के तहत एक हजार रुपए पेंशन की शुरुआत की गई

पीड़ित महिला गीता के परिवार में 2 बेटे हैं जिनमें एक पुत्र विकलांग एवं एक मंदबुद्धि है। गीता के पति फलों

■ पीड़ित महिला गीता के परिवार में 2 बेटे हैं जिनमें एक पुत्र विकलांग एवं एक मंदबुद्धि है।



करौली के इंदिरा कॉलोनी में रहने वाली गीता वर्मा पत्नी स्व. लज्जा वर्मा को एकलनारी पेंशन योजना के तहत एक हजार रुपए पेंशन की शुरुआत की गई ।

का हाथठेला लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे एवं पूरा परिवार आजीविका के लिए पूर्णतया लज्जा पर ही आश्रित था। ईश्वर का विधान की एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। पेंशन योजना के संयोजक वीरेन्द्र शर्मा को उक्त जानकारी मिलते ही अविलंब साथियों सहित गीता देवी के घर जा कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया एवं पेंशन की शुरुआत करते हुए हर संभव मदद करने की बात कही। विप्रसेना जिला उपाध्यक्ष अंकुश शुक्ला ने बताया कि पेंशन के साथ ही विकलांग बालक को विद्यालय भेजने हेतु संयोजक वीरेन्द्र शर्मा द्वारा टीम से चर्चा जा रही है। इस पुनीत कार्य में साथ उपस्थित भाजपा नेता कुंवर किशन मित्तल, राजेंद्र वर्मा ने कहा कि एकल नारी पेंशन योजना द्वारा जो पेंशन शुरू की गई वह वास्तव में जरूरतमंद को दी गई मदद है । इस अवसर पर साथ में विप्र सेना के वैध रमन लवानिया, कांठोसी नेता लज्जाराम वर्मा, सुरेश मिस्त्री, राजेंद्र शर्मा ससेडी वाले आदि उपस्थित थे।

## 'विकास कार्य गुणवत्ता से पूरे हों'

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराते हुए इस प्रकार कार्य करें कि आमजन को सरकार की मंशा के अनुरूप कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से मिले।

जिला कलक्टर गुरूवार को जिले में विकास कार्यों एवं विभावार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय एवं सभी एसडीएम, बीडीओ एवं नगरपालिका ईओ की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार की बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ उपखण्ड स्तर के अधिकारी भी निरन्तर मॉनिटरिंग कर किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के लिए आवंटित भूमि में रास्ते, पैमाईश अथवा किसी अन्य विभाग से सम्बन्धित समन्वय की आवश्यकता होने पर एसडीएम सक्रियता से भागीदारी निभाऐं।

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL KARAULI, RAJASTHAN

No. 2307 Date: 25.08.2025

**Notice Inviting E-Tender**

Online technical and financial bid in single astage two envelops are invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Council

| S.No. | Name of Work | DPR Cost of work (in Lacs) | Bid Security (in Lacs) @2% | Tender Fees | Processing Fees |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | करौली शहर परकोटा जीर्णोध्दार, परिक्रमा मार्ग निर्माण एवं चौराहों के सौन्दर्यीकरण आदि का कार्य (DPR कार्य) | 10.00 | 0.20 | 1000 | 500 |

| | |
|---|---|
| UBN NO. - DLB2526WSRC15788 | |
| Publishing Date & Time | 29.08.2025 at 5:00 Pm |
| Bid Download start Date & Time | 29.08.2025 at 5:00 Pm |
| Websites for Downloading bid | www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in |
| bid Submission End Date & Time | 15.09.2025 till 6:00 Pm |
| Technical Bid Opening Date & Time | 16.09.2025 at 3:00 Pm |

- For the submission of the bid, the bidder must deposit the bid fee, earnest money/bid security, and MDRISL FEES through NEFT in favor of the Municipal Council, Karauli as per the regulations, which must be done before the final date and time. The receipt that is submitted must be scanned and uploaded on www.eproc.rajasthan.gov.in for the bid to be considered valid. The details of the Municipal Council's account are as follows.
  A/c Holder Name - NAGAR PARISHAD KARAULI
  A/c No – 50200109749160
  IFSC Code – HDFC0005363
  Bank Name – HDFC BANK
  Branch - KARAULI
- Bidder, who procured digital certificate as per IT Act 2000 to sign their electronic bids, shall submit their technical and financial office on-line on above mentioned web site up to time and date mentioned here in above.
- The Bidders shall have to submit GST Registration Certificate.
- The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act 2012 & Rule 2013 shall be applicable.
- Municipal Council Karauli reserves the right to accept any bid, or reject any or all bids, without assigning any reason there of and without incurring any liability, whatsoever in favour of the Bidder (s).
- if the difference in the rate quoted by the lowest bidder with respect the rate analysis based on current market rate is more than 15% then the bid shall be considered as "unbalance bid" in the case an "Additional performance guarantee" according to prvail rule the amount of lowest bid-shall be taken from the bidder.
- Work completion period 60 days and bid validity 90 days.
- It will be necessary to ensure compliance of the instructions/orders issued from time to time by this office and the State Government
- Contractor has to prepare the detail Estimate with All Design and Drawings complete.
- This DPR must be approved from appropriate authority.
- other term & condition are enclosed in tender document.

CHAIRMAN
MUNICIPAL COUNCIL KARAULI

COMMISSIONER
MUNICIPAL COUNCIL KARAULI

Raj.Samwad/C/25/8903